4 विषयों के स्टोरी कोलाज को नाटक में किया पेश

सिटी रिपोर्टर | द संस्कार वैली स्कूल में 7वीं और 8वीं के स्टूडेंट्स ने बाल मनोविज्ञान पर आधारित 4 अलग-अलग विषयों की कहानी के कोलाज को नाटक के रूप में प्रस्तुत किया। स्टूडेंट्स ने जाना कि किसी भी नाटक का अपना शिल्प होता है। इस दौरान कई विषयों पर इम्प्रोवाइजेशन के साथ चर्चा भी हुई। उन्होंने जाना कि आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए ही समस्या के समाधान तक पहुंचा जा सकता है। नाटक की तैयारी करते हुए स्टूडेंट्स को बताया गया कि टीम के सदस्यों की सहमति किसी भी कार्य को सफल बनाती है। नाटक निर्माण की प्रक्रिया में स्टूडेंट्स ने नाट्य मंचन की बारीकियों को जानकर अंत में नाटक के जरिए अपनी इमेजिनेशन और विचार व्यक्त किए।